**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 22.09.2026**

**कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 शातिर अभियुक्ताओं को चोरी के जेवरात (02 अदद मंगलसूत्र मय पैण्डल, 01 अदद पैण्डल, 01 गुरिया पीली धातु) व 4710 रुपये के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 22.09.2026 को वादिनी श्रीमती ज्योति पत्नी सुशील निवासी ग्राम वर्ध थाना एट जनपद जालौन द्वारा कोतवाली कोंच पर तहरीरी सूचना दी गयी कि वादिया उपचार हेतु सीएचसी कोंच गयी थी जहाँ पर पर्स व मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया है। जिसके संबन्ध में कोतवाली कोंच में मु0अ0सं0 197/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्ताओं 1. मुस्कान पुत्री मुन्ना पत्नी आरिफ निवासी कस्बा कोंच 2. राधिका उर्फ अनुराधा पत्नी इन्द्र 3. रचना पत्नी चेतन 4. वर्षा उर्फ गुलाल पत्नी कन्हैया निवासीगण मुहल्ला रेलवे कालोनी थाना व कस्बा टूण्डला जनपद फिरोजाबाद हाल पता शाहगंज जनपद आगरा को चोरी के जेवरात 02 अदद मंगलसूत्र मय पैण्डल, 01 अदद पैण्डल,01 अदद गुरिया पीलीधातु एवं 4710 रुपये आदि के साथ गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्ताओं को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।**

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्ताओं द्वारा बताया गया है कि हम लोग भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजार, अस्पताल, सार्वजनिक स्थानों पर चोरी करते हैं तथा हम लोग बाहर के रहने वाले हैं जहाँ पर चोरी करते हैं वहाँ की किसी लोकल महिला को अपने साथ मिला लेते हैं तथा चोरी को अन्जाम देते हैं। कल हम लोगों द्वारा सरकारी अस्पताल कोंच से एक महिला का पैण्डल, गुरिया व पैसे भी चुराए थे तथा सागर तालाब कोंच के पास हो रही भागवत से दो मंगलसूत्र चोरी किए थे।

**अभियुक्ताओं का विवरण-**

**1.** मुस्कान पुत्री मुन्ना पत्नी आरिफ नि0 मुहल्ला भगत सिंह नगर थाना कोंच जनपद जालौन आयु करीब 26 वर्ष

**2.** राधिका उर्फ अनुराधा पत्नी इन्द्र नि0 मुहल्ला रेलवे कालोनी थाना व कस्बा टूण्डला जिला फिरोजाबाद हाल पता शाहगंज जनपद आगरा आयु करीब 32 वर्ष

**3.** रचना पत्नी चेतन नि0 मुहल्ला रेलवे कालोनी थाना व कस्बा टूण्डला जिला फिरोजाबाद हाल पता शाहगंज जनपद आगरा आयु करीब 30 वर्ष

**4.** वर्षा उर्फ गुलाल पत्नी कन्हैया नि0 मुहल्ला रेलवे कालोनी थाना व कस्बा टूण्डला जिला फिरोजाबाद हाल पता शाहगंज जनपद आगरा आयु करीब 35 वर्ष

**अभियुक्ता राधिका उर्फ अनुराधा का आपराधिक इतिहास**

**1.**मु0अ0सं0 70/20 धारा 379 भादवि थाना ताजगंज कमिश्नरेट आगरा

**2.**मु0अ0सं0 255/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना वृन्दावन जनपद मथुरा

**अभियुक्ता वर्षा उर्फ गुलाल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

**1.**मु0अ0सं0 70/20 धारा 379 भादवि थाना ताजगंज कमिश्नरेट आगरा

**अभियुक्ताओं के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के जनपदों/थानो से की जा रही है।**

**बरामदगी का विवरण-**

1. 02 अदद मंगलसूत्र मय पैण्डल पीली धातु
2. 01 अदद पैण्डल, एक अदद गुरिया पीली धातु
3. 4710/- रुपये

**पुलिस टीम का विवरण-**

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोंच जनपद जालौन मय पुलिस टीम